तथ्य-पत्र - खाद्य कारोबारों की सहायता

कॅनेडियन्स के लिये सुरक्षित खाद्य के कानून

कॅनेडियन्स के लिये सुरक्षित खाद्य के कानून (ऐस.ऐफ.सी.आर.) उन कारोबारों के लिये आधुनिक खाद्य सुरक्षा आवश्यकताएं प्रस्तुत करते हैं जो खाद्य आयात करते हैं, अथवा निर्यात या प्रान्तों या संघीय क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजने के लिये खाद्य तैयार करते हैं।

नए नियम कभी कभी समझने ऐऔर लागू करने के लिये कठिन हो सकते हैं। कॅनेडियन खाद्य निरीक्षण एजन्सी (सी.ऐफ.आई.ए.) खाद्य कारोबारों को नई आवश्यकताओं के एक बार कानून में परिवर्तित हो जाने पर, उनकी पूर्ति के लिये तैयार होने में सहायता के लिये वचनबध्द है।

सी.ऐफ.आई.ए. आपके कारोबार को कैसे सहायता देगी?

आवश्यकताओं की प्रस्तावित क्रमिक प्रस्तुति

कुछ खाद्य क्षेत्रों और छोटे कारोबारों को नई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये तैयार होने में कुछ समय लग सकता है। नई आवश्यकताएं पूरा करने के लिए कुछ खाद्य व्यावसायिक क्षेत्रों और छोटे व्यवसायों को तैयार होने के लिए समय लग सकता है। कुछ शर्तें कानून लागू होते ही पूरी करनी होंगी जबकि अन्य को खाद्य, व्यावसाय की प्रकार, और कारोबार के आकार पर निर्भर करते हुए 12-30 माह की अवधि में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कॅनेडियन नियमों के अनुसार सुरक्षित भोजन को समझना: खाद्य व्यवसायों के लिए एक पुस्तिका देखें।

सूक्ष्म कारोबारों के लिये छूट

कुछ कारोबार जिनकी कुल वार्षिक खाद्य बिक्री $100,000 या उससे कम है, उनके लिये लिखित निरोधक नियंत्रण योजना (पी.सी.पी.) आवश्यक नहीं होगी लेकिन इन कारोबारों के लिये निरोधक नियंत्रण, जैसे स्वच्छता तथा कीट नियंत्रण उपाय, अपनाना फिर भी आवश्यक होगा।

हमारे इंटरैक्टिव टूल का उपयोग करके पता लगाएं कि क्या आपको निरोधक नियंत्रण योजना (पी.सी.पी.) की आवश्यकता है, और अगर है, तो कब है। इसमें केवल 5 मिनट लगते हैं।

सरल भाषा जानकारी

ऐस.ऐफ.सी.आर. पढ़ने के बाद भी आपके प्रश्न हो सकते हैं कि ये नियम आपके कारोबार पर कैसे लागू होते हैं। आवश्यकताओं को समझने में आपकी सहायता के लिये और सक्रिय होने पर आप उन्हें कैसे लागू करेंगे, यह जानने के लिये www.inspection.gc.ca/safefood पर जाएं।

क्या उपलब्ध है?

- आयातकों के लिये सम्मिलित एक वीडियो सहित प्रस्तावित आवश्यकताओं का सार बताने वाले वीडियो
- कानूनों को समझना: – खाद्य कारोबारों के लिये एक पुस्तिका – जो ऐस.ऐफ.सी.आर. को स्पष्ट और सरल भाषा में वर्णन करती है
- इंटरैक्टिव टूल शीघ्र निर्धारण में आपकी सहायता के लिये – जानें कि क्या आपको लायसैन्स और पी.सी.पी. की आवश्यकता होगी तथा पद-चिह्न खोजने की क्षमता की आपकी आवश्यकताएं क्या होंगी?
- लायसैन्सिंग, पद-चिह्न खोजने की क्षमता, निरोधक नियंत्रण, आयात और निर्यात पर तथ्य-पत्र
- सहायक नमूनों सहित पी.सी.पी. विकसित करने के लिये कदम-दर-कदम प्रारूप गाइडें, जिसमें सम्मिलित है एक आयातकों के लिये
- इन्फोग्राफिक्स – आकर्षक चित्रात्मक प्रारूप में खाद्य सुरक्षा में वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम परंपराएं
- खाद्य सुरक्षा शब्दों की शब्दावली

कारोबारों की सहायतार्थ सेवाएं

लाइसेंस, निर्यात प्रमाण पत्र, साथ ही इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के विकल्पों सहित ऑनलाइन सेवाओं की बढ़ती संख्या प्राप्त करने के लिए आज My CFIA के लिए साइन अप करें।

अधिक जानकारी के लिए www.inspection.gc.ca/safefood देखें।